सर्वब्राह्मण समाज ने मनाया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

▶ विप्र समाज का निकला भव्य चल समारोह, उमड़ा भारी मात्रा में जनसमूह

मनासा। अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान श्री राजराजेश्वर परशुराम जी का जन्मोत्सव अत्यंत हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर में एक भव्य चल समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें समाज की एकता और शौर्य का अनूठा संगम देखने को मिला। पूरा नगर भगवान परशुराम के जयघोष 'जब-जब ब्राह्मण बोला है, राज सिंहासन डोला है' के नारों से गुंजायमान हो उठा।

श्रद्धा और भक्ति के साथ निकला कारवां -समारोह का शुभारंभ स्थानीय ब्राह्मण समाज धर्मशाला से विधिवत पूजन-अर्चन के साथ हुआ। यहाँ से शुरू हुआ जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों—सब्जी मंडी, अल्हेड़ गेट, जबरेश्वर महादेव मंदिर, मुरली मंदिर, इमली बाग और जुनसाथ से होता हुआ पुन: धर्मशाला पहुँचा। चल समारोह के मुख्य आकर्षण का केंद्र एक खुली जीप में विराजित भगवान परशुराम जी की आकर्षक प्रतिमा रही, जिसे फूलों और विद्युत सज्जा से भव्य रूप दिया गया था। मार्ग भर श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक भगवान के दर्शन किए।

शौर्य प्रदर्शन और पुष्प वर्षा से स्वागत

चल समारोह में समाज के युवाओं ने अपनी परंपराओं को जीवंत करते हुए अखाड़े का प्रदर्शन किया। युवाओं के अदम्य साहस और युद्ध कौशल को देख नगरवासी मंत्रमुग्ध हो गए। साथ ही, विभिन्न धार्मिक झांकियों ने उत्सव की शोभा को द्विगुणित कर दिया। नगर परिषद मनासा, भाजपा मंडल, नागदा मेनरिया समाज और गुर्जरगौड़ ब्राह्मण समाज, रामबाबू नागदा मित्र मंडल, औदिच्य ब्राम्हण समाज, द्वारा पुष्प वर्षा एवं कर जुलूस का अभिनंदन किया गया। जगह-जगह जलपान और स्वल्पाहार की व्यवस्था भी विभिन्न संगठनों द्वारा की गई।

सामाजिक एकता पर बल -भ्रमण के पश्चात चलसमारोह पुन: धर्मशाला परिसर पहुंचा, जहाँ सामूहिक रूप से भगवान परशुराम की महाआरती की गई। धर्मसभा को संबोधित करते हुए, थाना प्रभारी मनासा नीलेश अवस्थी ने आयोजन की प्रशंसा की। समाज को आगे बढने एवं संगठित रहने के लिए कहा, इस अवसर पर, समाज द्वारा थान प्रभारी नीलेश अवस्थी और के सी तिवारी का स्वागत समाज के संजय व्यास, ललित ओझा ने किया, वहीं परशुराम सेना के संरक्षक सुनील यजुर्वेदी ने समाज को सम्बोधित करते हुवे आयोजन की सराहना की, और आयोजन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुवे कहा कि समाज की यह सक्रियता हमारी जड़ों से जुड़े रहने का प्रमाण है। वहीं नगर परिषद् अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय तिवारी ने अपने संबोधन में समाज की एकता और संगठन की शक्ति पर बल दिया। तिवारी ने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल हमारी संस्कृति का संरक्षण होता है, बल्कि सामाजिक समरसता और भाईचारे की भावना भी सुदृढ़ होती है। वहीं समाज की धर्मशाला में विधायक माधव मारु के सहयोग से डोम के निर्माण एवं अन्य कार्यो की घोषणा भी की, कार्यक्रम के समापन पर विशाल सह-भोज का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के हज़ारों स्वजातीय बंधुओं ने एक साथ बैठकर प्रसादी ग्रहण की। आयोजन के दौरान पुलिस प्रशासन की व्यवस्था अत्यंत चाक-चौबंद रही। सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के कारण पूरा समारोह निर्विघ्न और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन, राजीव नागदा, द्वारा किया गया, एवं आभार परशुराम सेना अध्यक्ष मोहित जोशी ने माना, कार्यक्रम में समाज के गिरीश भट्ट, राहुल नागदा, मंगल नागदा, प्रवीण भट्ट, पंकज तिवारी, नलिनिरंजन सर, दीपेश जोशी, मनीष जी पुरोहित, एवं अन्य समाज जन मौजूद रहे।

दो नाबालिग कन्याओं की शादी रुकवाई, कानून की दी जानकारी

▶ प्रशासन और विशेष सतर्कता टीमों को सूचना मिलते ही की बड़ी कार्रवाई

नीमच। मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र सिंह राजपूत के निर्देशन में अक्षय तृतीया के अवसर पर संभावित बाल विवाहों की रोकथाम के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नीमच द्वारा विशेष सतर्कता और निगरानी रखी गई।

जानकारी अनुसार इसी क्रम में सोमवार को जिला विधिक सहायता अधिकारी नीमच प्रवीण कुमार को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर करीब 12 बजे नीमच शहर की गाडोलिया बस्ती में टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की गई। जांच के दौरान वहां दो नाबालिग बालिकाओं के विवाह की तैयारी होना पाया गया।

तत्पश्चात प्रवीण कुमार द्वारा तत्काल जिला कार्यक्रम अधिकारी अंकिता पंड्या को सूचित किया गया, जिस पर तत्परता दिखाते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग की सीडीपीओ शहर दीपिका नामदेव, पुलिस विभाग और अन्य संबंधित विभागों की टीम मौके पर पहुंची।

मौके पर उपस्थित दोनों बालिकाओं के माता-पिता एवं परिजनों को बाल विवाह निषेध अधिनियम के प्रावधानों से अवगत कराया गया और उनसे लिखित शपथ पत्र लिया गया कि वे उक्त बालिकाओं का विवाह 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने से पूर्व नहीं करेंगे, अन्यथा उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की संयुक्त टीम द्वारा आवश्यक पंचनामा तैयार किया गया तथा आगे की वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की गई।

इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नीमच की टीम में पैरा लीगल वॉलिंटियर्स राकेश सिंह परिहार, हेमेंद्र शर्मा, पिंकी ठाकुर उपस्थित रहे। प्रवीण कुमार द्वारा आमजन से अपील की गई है कि बाल विवाह जैसी कुप्रथा को रोकने में सहयोग करें।

डॉ. गौरांग को चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में स्वर्ण पदक

नीमच। नीमच जिले में देश में जिले में मनासा नगर के प्रतिभाशाली युवा डॉ. गौरांग कुमावत ने चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करते हुए ष्ठह्वक्र ह्लश्चद्धह्लद्धड्डद्यद्वश्रद्यश्रह्4 परीक्षा में देश में प्रथम स्थान हासिल किया है। इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर उन्हें प्रतिष्ठित डॉ. जी. वेंकटास्वामी स्वर्ण पदक प्रदान किया जाएगा।

यह सम्मान नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज , नई दिल्ली के 23वें दीक्षांत समारोह में प्रदान किया जाएगा। डॉ. गौरांग ने जून 2025 सत्र में आयोजित फाइनल परीक्षा में नेत्र रोग विशेषज्ञता विषय में देशभर में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर जिले व मनासा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। डॉ. गौरांग ने अपना विशेषज्ञ प्रशिक्षण कोयंबटूर, तमिलनाडु स्थित विश्व प्रसिद्ध अरविंद आई हॉस्पिटल से पूर्ण किया। परिजनों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे जिले व मनासा क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया है।

डॉ. गौरांग कुमावत की सफलता ने यह सिद्ध कर दिया है कि छोटे शहरों के युवा भी प्रतिभा, मेहनत और लगन के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष स्थान प्राप्त कर सकते हैं। उनकी यह उपलब्धि क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

आखातीज और परशुराम जन्मोत्सव पर किया गौसेवा का पुण्य कार्य

नीमच। आखातीज और भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर खंडेलवाल समाज द्वारा समाज के आराध्यदेव संत श्री सुंदरदास जी महाराज को माल्यार्पण कर श्रद्धा एवं भक्ति भाव से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात श्री सुंदरदास जी मार्ग स्थित गौशाला में गौसेवा का विशेष आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत समाज के सदस्यों ने सामूहिक रूप से गौमाता की सेवा करते हुए उन्हें लापसी एवं हरे चारे का भोग अर्पित किया। इस दौरान उपस्थित समाजजनों में विशेष उत्साह एवं धार्मिक आस्था देखने को मिली। बड़ी संख्या में समाज के महिला-पुरुष, युवा एवं बच्चों ने अपने परिवार सहित सहभागिता कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

इस आयोजन में समाज महिला मंडल की विशेष एवं सराहनीय भूमिका रही। महिला मंडल की सदस्याओं ने पूरे कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए लापसी तैयार करने, भोग की व्यवस्था करने तथा आयोजन को सुव्यवस्थित रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ एवं पूर्व अध्यक्ष रमेश जी खंडेलवाल तथा मधुसूदन खंडेलवाल की विशेष उपस्थिति एवं सहभागित्ता रही। कार्यक्रम में राजेश लाभी (अध्यक्ष), विश्वास खंडेलवाल (सचिव) एवं संतोष पाटोदिया (कोषाध्यक्ष) सहित समस्त कार्यकारिणी सदस्यगण, समाजजन एवं मातृशक्ति उपस्थित रही। कार्यक्रम के अंत में समाज के पदाधिकारियों ने सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। उक्त जानकारी समाज के प्रवक्ता डॉ. केतन खंडेलवाल द्वारा प्रदान की गई।

एक नजर में

पोषण पखवाड़ा अंतर्गत नारी शक्ति कार्यक्रम आयोजित

सिंगोली। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण और मातृ शिशु अभियान अंतर्गत 9 अप्रैल से 23 अप्रैल तक पोषण पखवाडा और 10 अप्रैल से 25 अप्रैल तक नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। नारी शक्ति वंदन व पोषण पखवाडे के तहत आंगनवाडी केंद्र पर जागरुकता गतिविधियां आयोजित की जा रही है जिसके तहत आंगनबाडी केन्द्र क्रमांक 04 पर पोषण पखवाडा और नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया इस दौरान गर्भवती और धात्री माताओं को आमंत्रित कर बच्चो के पोषण आहार को सही मात्रा में और सही समय व सही तरीके से सेवन करने के बारे में विस्तार से समझाया गया। इस अवसर पर आंगनवाडी केंद्र पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुधा नागर सहित वार्ड की महिलाएं उपस्थित थी।

सांदीपनि विद्यालय मनासा का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट, कक्षा 12 वीं में शत-प्रतिशत सफलता

मनासा। माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा घोषित वार्षिक परीक्षा परिणाम 2025-26 में शासकीय सांदीपनि मॉडल उच्च माध्यमिक विद्यालय मनासा का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। विद्यालय में कक्षा 12 वीं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे संस्था ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। विद्यालय के प्राचार्य बीएल बसेर ने बताया कि जारी परिणाम में कक्षा 12 वीं में कुल 135 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, जिनमें सभी 135 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। साथ ही 135 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की, जबकि द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी में कोई विद्यार्थी नहीं रहा। कक्षा 12 वीं में कृष्ण पाल सिंह 94 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कुमकुम बोराना 93 प्रतिशत के द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रकार कक्षा 12वीं का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। वहीं कक्षा 10 वीं के परिणाम भी संतोषजनक रहे। कक्षा 10 वीं में 73 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, जिनमें से 72 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। इनमें 69 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी तथा 3 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की।

देशी शराब की सभी दुकानों की हो चुकी नीलामी

नीमच। आबकारी नीति के प्रावधानों के चलते प्रदेश में सभी 3553 शराब की सभी दुकानो की बिक्री हो गई हैं। इन दुकानों से 18676 .80 करोड़ कुल रेवेन्यू प्राप्त होगा। यह पिछले साल की सालाना वैल्यू से 12 .33% ज्यादा है। दूसरे सोर्स से अनुमानित इनकम 1775 करोड़ रुपए होगी। यह दुकानों से प्राप्त कुल रेवेन्यू का 9 .5% है। इन दुकानों की बिक्री से एक्साइज डिपार्टमेंट से अनुमानित रेवेन्यू कलेक्शन 20481 .80 करोड़ रूपये होगा। वित्त विभाग द्वारा तय टारगेट 20279 करोड़ रुपए है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2026-27 के लिए आबकारी नीति के निर्धारण एवं संबंधित विषयों पर निर्णय लेने एवं आगामी वर्षों के लिये सुझाव देने मंत्रि-परिषद् समिति का गठन किया गया है। मदिरा दुकानों/ समूहों पर प्राप्त ऑफर पर निर्णय लेने मंत्रि-परिषद समिति की बैठक दिनांक 18-04-2026 को उप मुख्यमंत्री, वाणिज्यिक कर विभाग की अध्यक्षता में बुलाई गई थी। बैठक में आबकारी विभाग द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026-27 के लिये मदिरा दुकानों/ समूहों के मंत्रि-परिषद समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि-1 .दिनांक 18 .04 .2026 को 24वें चरण में आरक्षित मूल्य से अधिकतम 65 प्रतिशत तक कम के ऑफर प्राप्त हुए हैं एवं उक्त दुकानों/समूहों के लिए पूर्व में 10वें चरण (दिनांक 31.03.2026) एवं 11वें चरण (दिनांक 01.04.2026) तथा 21वें चरण (दिनांक 15.04.2026) में प्राप्त ऑफर भी होल्ड पर रखे गये हैं। दुकान/समूह के लिए 24वें चरण में प्राप्त ऑफर और पूर्व से होल्ड ऑफर में प्राप्त मूल्य की तुलना आबकारी नीति में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार किये जाने और उक्त दोनों में से जो भी उच्च ऑफर है, उसे स्वीकार किया जाता है।

6 किलो पिसा डोडाचुरा पकड़ाया

▶ 150 ग्राम एमडी ड्रग्स, 01 पल्सर मोटर सायकिल वाहन जब्त, तीन आरोपी गिरफ्तार

नीमच। थाना प्रभारी नीमच सिटी निरीक्षक पुष्पा सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम थाना नीमच सिटी द्वारा अभियान के दौरान प्रभावी कार्रवाई कर अवैध डोडाचुरा व एमडी ड्रग्स की तस्करी करते 01 पल्सर मोटरसायकिल सहित कुल 03 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

पुलिस थाना नीमच सिटी द्वारा दिनांक 19.04.26 को नीमच-मनासा रोड पर करंट वाले बालाजी मंदिर के पास थाना नीमच सिटी पर वाहन चैकिंग की जाकर मालखेडा तरफ से एक संदेही पल्सर मोटरसायकिल आई, जो नाकाबंदी देखकर मोटरसायकिल पल्टा कर भागने का प्रयास किया, जो फोर्स की मदद से रोककर उनकी तलाशी के दौरान आरोपीयो के पेंट की जेब व बैग के अंदर भरा कुल 06 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा व 150 ग्राम एमडी ड्रग्स जप्त की गई तथा आरोपीयो को विधिवत गिरफ्तार किया गया । मौके की गई कार्यवाही पूर्ण कर, थाना नीमच सिटी पर अपराध धारा 8/15,22 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्व कर विवेचना मे लिया व गिर. आरोपीयो से अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा व एमडी ड्रग्स के स्त्रोतो के संबंध मे पूछताछ की जा रही है ।

तीनों आरोपी नीचम निवासी - आरोपियों में मोहम्मद अशरफ उर्फ बब्बु पिता मोहम्मद शकीर कुरेशी उम्र 20 साल निवासी अम्बेडकर कालोनी नीमच थाना नीमच केंट जिला नीमच, दूसरा अजरखान उर्फ समीर पिता सरफराज खान पठान उम्र 24 साल निवासी मुलचंद मार्ग खारीकुआ थाना नीमच केन्ट जिला नीमच, तीसरा फरदीन पिता तस्लीम खान पठान उम्र 24 साल निवासी शहाबुद्दीन बाबा की दरगाह के पास नीमच सिटी हैं।

ये किया पुलिस ने जब्त : 06 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ पिसा हुआ डोडाचुरा किमती 20000 रूपये तथा 150 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स किमती करीब 15 लाख रूपये तथा एक काले रंग कि बजाज प्लसर मोटर सायकल नम्बर कीमती करीबन 50 हजार रूपये जब्त किए। इस कार्य में निरीक्षक पुष्पा सिंह चौहान थाना प्रभारी नीमच सिटी एवं पुलिस थाना नीमचसिटी व सायबर सेल टीम का सराहनीय योगदान रहा ।

सड़क पर बेहोश मिली अज्ञात महिला जिला अस्पताल में भर्ती

नीमच। शहर के जिला चिकित्सालय में सोमवार सुबह एक अज्ञात महिला को गंभीर हालत में भर्ती कराया गया है। करीब 40 वर्षीय यह महिला फिलहाल जिला अस्पताल के आईसीयू वार्ड में है। महिला के लावारिस होने के कारण पुलिस उसके परिजनों की तलाश में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह करीब 7 बजे 108 एंबुलेंस के माध्यम से इस अज्ञात महिला को जिला चिकित्सालय लाया गया था। महिला राह चलते बेहोश मिली थी, जिसके बाद राहगीरों की सूचना पर एंबुलेंस उसे अस्पताल लेकर पहुंची।

डॉक्टरों ने बताया कि महिला की हालत गंभीर बनी हुई है और वह लगातार बेहोशी की स्थिति में है। इस कारण उसके नाम और पते की जानकारी नहीं मिल पा रही है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला चिकित्सालय पुलिस चौकी और नीमच कैंट थाना पुलिस को सूचित किया गया है। पुलिस ने आस-पास के क्षेत्रों में महिला की तस्वीर और हुलिया साझा किया है ताकि उसके परिवार का पता लगाया जा सके।

पुलिस ने जनता से अपील की है कि यदि किसी को इस महिला के हुलिए या उसके परिजनों के बारे में कोई जानकारी हो, तो वे तुरंत जिला चिकित्सालय पुलिस चौकी या थाना नीमच कैंट से संपर्क करें।

एक नजर ▶ बैंकों की सुरक्षा सम्बधी आवश्यक दिशा निर्देश, प्रबंधक बैंक सुरक्षा के संबंध में आरबीआई के नियमों का करें पालन

नीमच में बैंकों की सुरक्षा को सुदृढ बनाने को एसपी ने की बैंक प्रबंधकों के साथ बैठक

नीमच। पुलिस कन्ट्रोल रूम नीमच पर पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल द्वारा बैंक की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ बनाये रखने के लिए सोमवार को सभी बैंक प्रबंधकों एवं बैंकों के अधिकारियों के साथ बैठक ली गयी।

बैठक में विभिन्न बैंकों के 50 से अधिक बैंक प्रबंधक एवं बैंक अधिकारी उपस्थित हुए। बैठक में एसपी जायसवाल द्वारा उपस्थित बैंक प्रबंधकों एवं बैंक अधिकारियों से परिचय प्राप्त करते हुये उनकी बेंको में सुरक्षा व्यवस्था के सम्बंध मे जानकारी ली गयी तथा बताया कि बैको की सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी पुलिस के साथ साथ आपकी भी है, यदि आप जागरूक रहेंगे तो सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ रहेगी। रिजर्व बैंक ऑफ इंण्डिया द्वारा जारी बैंक सुरक्षा सम्बंधी गाईड लाईन का शत प्रतिशत पालन किया जाये। बैकों मे आवश्यक रूप से चैनल गेट लगे होकर सायरन तथा पैनिक अलार्म भी लगवाना सुनिश्ति करें। सभी बैंको मे आवश्यक रूप से सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हो और अगर बैंक में सीसीटीवी कैमरे लगे है एवं बैंक में कोई ऐसा स्थान छूटा हुआ है जहॉ कवरेज नही हो वहॉ तत्काल सीसीटीवी कैमरें लगवाये जाये जिससे कि बैंक के अंदर वह बाहर हर स्थान सीसीटीवी कैमरें के माध्यम से निगरानी में रहे। बैंक प्रबंधकों एवं बैंक अधिकारियों व सम्बंधित पुलिस थानों में समनवय बनाये रखने के लिये थाने व बैंक का वाट्सएप ग्रुप बनाते हुये सुरक्षा सम्बंधी सूचनाओं का आदन प्रदान करे।

कई बार आपराधिक तत्व बैंक की सुरक्षा व्यवस्था में कमी के मौके का फायदा उठाने से नही चूकते जिसे दृष्टिगत रखते हुये प्रतिदिन समय समय पर बैंकों के आसपास, लगने वाले थैलों सायकिल स्टैण्ड एवं अन्य स्थानों की आकस्मिक रूप से संबंधित थाना प्रभारी द्वारा चैकिंग करायी जा रही हैं।

बैंकों में सुरक्षा व्यवस्था हेतु अधिकांश बैंकों में स्वयं की बैकं के एवं कई जगह प्राईवेट सिक्योरिटी गार्ड लगाये गये है। बैंक सुरक्षा व्यवस्था में लगे बैंक गार्डो को बैंक में अनावश्यक घुम रहे व्यक्तियों पर जिनका बैंक मे कोई काम नहीं है, निगाह रखें, एवं उससे पूछताछ करें यदि आवश्यक हो तो तत्काल सम्बंधित थाने को एवं पुलिस कन्ट्रोल रूम को सूचित करें ताकि उससे पूछताछ की जा सके। बैंक प्रबंधकों एवं अधिकारियों द्वारा बैंक के आसपास पुलिस गश्त के सम्बंध में बताया जाने पर एस.पी. श्री अंकित जायसवाल द्वारा सभी थाना प्रभारियों को रात्रि में बैंकों के आसपास भी प्रतिदिन रात्रि में 02 बार पुलिस गश्त करने हेतु निर्देश दिये गये।

> एसपी जायसवाल द्वारा सभी बैंक प्रबंधकों और बैंक अधिकारियों को मनी लॉन्ड्रिंग, धोखाधड़ी और अवैध धन हस्तांतरण सहित वित्तीय अपराधों को अंजाम देने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाले बैंक खातों म्यूल अकाउंट सम्बंधी जानकारी प्राप्त होती है तो तत्काल सम्बंधित पुलिस थानें एवं सायबर सेल में सूचना देने हेतु निर्देश दिये गये।

पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल द्वारा उपरोक्त निर्देशों के अतिरिक्त बैंक प्रबंधकों एवं बैंक अधिकारियों को रिजर्व बैंक ऑफ इंण्ड्या द्वारा बैंक सुरक्षा के संबंध में जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने, सायरन व अलार्म उपयुक्त व सुविधाजनक स्थानों पर लगाते हुये सभी बैंक अधिकारी एवं कर्मचारियो को इसका प्रशिक्षण दिया जाने, समय-समय पर सायरन एवं अलार्म को चैक करते रहने, सीसीटीवी कैमरों की बेंक सुरक्षा को दृष्टिगत् रखते हुए बैंकों के अन्दर एवं बाहर सभी जगहों पर करने, एटीएम एवं बैंकों में लगाये जाने वाले सुरक्षा गार्डो को अधिकृत सुरक्षा एजेन्सी से लगवाने के साथ ही प्रशिक्षित एवं शस्त्रधारी हो यह सुनिश्चित करने तथा प्राईवेट सुरक्षा गार्डो एवं रिकवरी एजेंटों का पुलिस सत्यापन आवश्सयक रूप से करवाने संबंधी निर्देश दिये गये।

उक्त बैंठक के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवल सिंह सिसोदिया, नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री किरण चौहान, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मनासा निकीता सिंह, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जावद श्री रोहित राठौर, थाना प्रभारी नीमच केंट निरीक्षक सौरभ शर्मा, रीडर टू एसपी उप निरीक्षक शिशुपाल सिंह गौर सहित 50 से अधिक बैंक प्रबंधक एवं बैंक अधिकारी उपस्थित रहें।